**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–12.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **केन्द्र सरकार ने झारखंड को दी बड़ी सौगात, बरकाकाना–कोडरमा रेल लाइन के दोहरीकरण के प्रस्ताव को दी गयी मंजूरी, प्रधानमंत्री ने कहा–इस रेल परियोजना से वाणिज्य को मिलेगा बढ़ावा।**

- **झारखंड में सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट और तंबाकू के सेवन पर लगेगा एक हजार रुपये का जुर्माना, राष्ट्रपति ने संबंधित विधेयक को दी मंजूरी।**

- **केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगी झारखंड, धनबाद में कई कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा, गिनायेंगी मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां।**

- **शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार जीएम फाइनांस समेत तीन आरोपियों को एसीबी ने लिया रिमांड पर, निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में कल सुनवाई।**

- **रांची में आज से पांचवें रोलबॉल फेडरेशन कप का आयोजन, 14 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 16 राज्यों की टीम लेंगी हिस्सा।**

******************

केन्द्र सरकार ने झारखंड को एक बड़ी रेल परियोजना की सौगात दी है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने बरकाकाना– कोडरमा रेल लाइन के दोहरीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसके तहत तीन हजार तिरसठ करोड़ रुपये की लागत से 133 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का दोहरीकरण होगा।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह परियोजना पीएम–गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का हिस्सा हैं और इससे

वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिगरेट और तंबाकू उत्पाद झारखंड संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही झारखंड में तंबाकू के उपयोग और बिक्री पर सख्त नियम लागू होन का रास्ता साफ हो गया है। नये नियमों के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने या तंबाकू उत्पादों का उपयोग करने पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगेगा, जो पहले दो सौ रुपये था। साथ ही हुक्काबार के संचालन पर पूरी तरह पाबंदी होगी। राज्य का स्वास्थ्य विभाग जल्द ही इस विधेयक को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी करेगा।

******************

राज्य में पेसा कानून पर सियासत जारी है। भाजपा ने राज्य सरकार पर कानून को लागू करने में आनाकानी करने का आरोप लगाया है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने सरकार से राज्य में पेसा कानून प्रभावी तरीके से लागू करने की मांग की है।

इधर, सत्तारुढ़ गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने कल पेसा कानून के ड्राफ्ट को लेकर मंथन किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि पेसा कानून को लेकर भाजपा भ्रम फैला रही है।

इस बीच झामुमो ने कहा है कि राज्य में पेसा कानून लागू करने को लेकर सरकार कृत संकल्प है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव  सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पेसा कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है।

******************

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगी। वे आज धनबाद में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। केन्द्रीय मंत्री मीडिया से भी रुबरु होंगी और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद करेंगी। इस दौरान वे केन्द्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करायेंगी। कल केन्द्रीय मंत्री धनबाद के वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करेंगी। वे कल रांची में भी कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

******************

शराब घोटाला मामले के आरोपी जेएसबीसीएल के जीएम फाइनांस सुधीर कुमार दास, पूर्व जीएम सुधीर कुमार और कर्मचारी नीरज कुमार सिंह को एसीबी ने दो दिन की रिमांड पर लिया है। एसीबी ने सात दिनों की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने दो दिनों की रिमांड की अनुमति प्रदान की है। उनकी रिमांड आज से शुरु होगी। इस बीच इस मामले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी कारोबारी विनय सिंह के खिलाफ एसीबी ने कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया है। इधर श्री चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में कल सुनवाई होगी। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

******************

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना से अनुप्राणित भारत में पिछले एक दशक में बड़े बदलाव हुए हैं। पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों से हुए बदलाव के बारे में, आकाशवाणी से विशेष फीचर का प्रसारण किया जा रहा है। आज इस कड़ी में चर्चा आर्थिक परिवर्तन की संवाहक नारी शक्ति पर। एक रिपोर्ट

******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सरायकेला–खरसांवा जिले के विभिन्न प्रखंडों में किसानों को कृषि के नयी तकनीकी से रूबरू कराया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में आज राज्य के 20 जिलों में आंधी–तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तर–पश्चिमी भागों को छोड़ राज्य के सभी हिस्से में गरज और तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात के आसार हैं।

*****************

रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आज से पांचवें रोल बॉल फेडरेशन कप का आयोजन किया जायेगा। 14 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में झारखंड समेत 16 राज्यों की टीम हिस्सा लेंगी।

*****************

**अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति द्वारा सिगरेट व तंबाकू उत्पाद झारखंड संशोधन विधेयक को मंजूरी देने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक भास्कर लिखता है**– सीएम हेमंत सोरेन से मिले जर्मन राजदूत, जर्मनी आने का दिया न्यौता।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– साहिबगंज एडीएम पर कोर्ट ने लगाया दो हजार जुर्माना।

प्रभात खबर ने लिखा है–वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जेटेट के भाषा निर्धारण को लेकर सीएम को लिखा पत्र।

दैनिक जागरण लिखता है–तुपुदाना में पीएलएफआई उग्रवादियों ने टाइल्स फैक्टरी गेट पर की फायरिंग।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा रेल परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********समाप्त********